आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 01.08.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, आदर्श ग्राम सारकोट की तर्ज पर राज्य के अन्य गांवों का भी विकास करेगी।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी जिला और उप–जिला अस्पतालों को आवश्यक सुविधाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए।
- युवाओं में भारतीय ज्ञान परम्परा की गहरी समझ विकसित करने के दृष्टिगत दून विश्वविद्यालय में जल्द ही 'हिन्दू अध्ययन केन्द्र' स्थापित किया जायेगा।
- और.... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे।

पंचायत परिणाम

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत प्रधान ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए मतगणना पूरी कर ली है। साथ ही परिणाम भी घोषित कर दिए हैं। आयोग के अनुसार ग्राम प्रधान के 7 हजार 4 सौ 79 पदों पर परिणाम घोषित किए गये हैं, जबकि 20 पद रिक्त हैं।

इसी तरह, क्षेत्र पंचाय सदस्य के 2 हजार 9 सौ 71 पदों के लिए मतगणना पूरी कर ली गयी है, जबकि 2 रिक्त पद हैं। वहीं, जिला पंचायत सदस्य के सभी 3 सौ 58 पदों पर परिणाम घोषित कर दिए गये हैं। आयोग ने बताया कि प्रदेश में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराए गये। इसके साथ ही राज्य में पंचायत चुनाव भी संपन्न हो गये हैं।

इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सारकोट से 21 वर्षीय प्रियंका नेगी को ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रियंका का इस पद पर निर्वाचित होना न केवल मजबूत लोकतंत्र को दर्शाता है, बल्कि मातृशक्ति की शक्ति और युवाओं की क्षमता का भी प्रतीक है।

श्री धामी ने कहा कि सरकार आदर्श ग्राम सरकोट की तर्ज पर राज्य के अन्य गांवों का भी विकास करेगी।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राज्य के सभी जिला और उप–जिला अस्पतालों को आवश्यक सुविधाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने आज देहरादून में राज्य के अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में बाल रोग विशेषज्ञों के साथ ही सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञों, हड्डी रोग विशेषज्ञों और रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में एनआईसीयू, एसएनसीयू और पीआईसीयू जैसी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य भर के ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जहां मरीजों की संख्या अधिक है या जो राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, उन्हें भी न्यूनतम आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से संतृप्त किया जाए। इसके साथ ही रेडियोलॉजिस्ट और तकनीशियनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

डेंगू

बरसात के मौसम में डेंगू संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए शासन–प्रशासन संबंधित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव करने के साथ ही लोगों को डेंगू संक्रमण की रोकथाम तथा बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

टिहरी जिले में स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय ने लोगों से घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और कूलर, गमले, टंकी आदि की नियमित सफाई करने की अपील की है।

टिहरी जिला अस्पताल की डॉ. रूबी जोशी ने डेंगू के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या त्वचा पर चकत्ते जैसे लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

'हिन्दू अध्ययन केन्द्र'

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि युवाओं में भारतीय ज्ञान परम्परा की गहरी समझ विकसित करने के दृष्टिगत दून विश्वविद्यालय में शीघ्र ही 'हिन्दू अध्ययन केन्द्र' स्थापित किया जायेगा। आज देहरादून में विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में डॉ रावत ने कहा कि इस केन्द्र में भारतीय दर्शन, इतिहास, साहित्य, समाजशास्त्र, कला, वास्तुकला सहित विभिन्न विषयों पर अध्ययन, शोध और प्रशिक्षण की बहुविषयक व्यवस्था विकसित की जायेगी। एक रिपोर्ट———

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के बाद दून विश्वविद्यालय देश का दूसरा विश्वविद्यालय होगा, जहां वेद, पुराण और भारतीय दर्शन सहित भारतीय ज्ञान परम्पराओं से संबंधित विषयों का विधिवत अध्ययन कराया जायेगा। बैठक में डॉ रावत ने विश्वविद्यालय की कुलपति को एनईपी–2020 के अनुरूप 'हिन्दू अध्ययन केन्द्र' स्थापना को सभी आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र आधुनिकता और परम्पराओं के बीच सेतु का काम करते हुये नैतिक मूल्यों, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक चेतना से युक्त जागरूक नागरिक और नेतृत्व तैयार करेगा।

डॉ. रावत ने कहा कि हिन्दू अध्ययन केन्द्र भारतीय आध्यात्मिक और दार्शनिक परम्पराओं को संरक्षित करने, विश्लेषण करने व प्रसारित करने के लिये एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इसके लिये विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित किया जायेगा।

पीएम–किसान योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। योजना के तहत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे बीस हजार 500 सौ करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इससे इस योजना के तहत कुल वितरण 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।

समेकित एवं गुणवत्तापरक शिक्षा

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज क्यार्क स्थित राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन की स्थिति, स्वच्छता, शौचालयों की सफाई, पेयजल की उपलब्धता, प्रयोगशालाओं की उपयोगिता, स्मार्ट क्लासेज की कार्यप्रणाली एवं मिड–डे मील की गुणवत्ता का जायज़ा लिया।

जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद करते हुए उनके शैक्षिक लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों से बातचीत कर उन्होंने शिक्षण की गुणवत्ता, पाठ्य सहगामी गतिविधियों में सहभागिता और छात्रों की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

मौसम

मौसम विभाग ने 5 अगस्त तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर ज़िलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष ज़िलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। यह स्थिति कल भी बनी रहेगी।

आज राजधानी देहरादून में बादल छाए हुए हैं और रुक–रुक कर हल्की बूंदाबांदी हो रही है।

**और अब संक्षिप्त समाचार––**

हरिद्वार पुलिस ने "ऑपरेशन कालनेमि" के तहत धर्म की आड़ में ढोंग करने वाले 72 फर्जी बाबाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ये लोग जादू–टोने के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे थे। पुलिस, शहरी और ग्रामीण इलाकों में ठगी करने वालों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई कर रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

उत्तराखंड पुलिस और अग्निशमन सेवा के जवानों ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम–2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 22 पदक जीते, जिनमें 06 स्वर्ण, 12 रजत और 04 कांस्य पदक शामिल हैं।

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट को भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया है। प्रत्येक वर्ष शिक्षा, खेल, कला–संस्कृति, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता, विज्ञान एवं तकनीक औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन, क्षेत्रों में काम करने वाली विभूतियों को यह सम्मान दिया जाता है।